तापमान
अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



12 पुलिस ने जरुरतमंदों को कंबल बांटकर कमाया पुण्य



12 बराड़ा में 2000 छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरुक

कॉलोनी की सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी



**जिला योजनागार विभाग की कार्रवाई से कालोनाइजरों में हड़कंम मचा**

# घरौंडा में दो सौ एकड़ में फैली लगभग दस कॉलोनियों में अवैध निर्माण को ढहाया

**घरौंडा।** शहर में लगभग पांच से छह मार्गों पर बनी लगभग दो सौ एकड़ में फैली लगभग दस कॉलोनियों में जिला योजनागार विभाग ने तीन जेसीबी मशीनों से कार्रवाई कर सड़क व निर्माणधीन मकान भी ध्वस्त कर दिए। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि शहर में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। मंगलवार को जिला योजनागार विभाग की अधिकारी गुंजन वर्मा भारी पुलिस बल के साथ सबसे पहले बसताडा रोड पर पहुंची और कई एकड़ में फैली कॉलोनी में मिट्टी से बनाई सड़को को ध्वस्त कर दिया। उसके बाद पनोडी रोड पर पूरी टीम पहुंची और वहां पर भी कई एकड़ में फैली कॉलोनी की मिट्टी से बनी सड़को को ध्वस्त करते हुए कई कई फूट के गड्ढे कर दिए। इसी प्रकार बाला जी कॉलोनी, डिंगरमाजरा रोड पर भी विभाग के अधिकारियों से जमकर कार्रवाई की।



### फिर बना लेते हैं सड़क

जिला योजनागार विभाग व नपा घरौंडा जैसे ही अवैध कॉलोनियों में सड़को को ध्वस्त कर देते हैं तो बाद में फिर अवैध कॉलोनियों में सड़को का मिट्टी से निर्माण कर देते हैं। विभाग में कई कॉलोनियों में कई बार सड़क तोड़ने की कार्रवाई की है। जिला योजनागार विभाग के अधिकारियों ने दावा जताया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सरकार ने कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। शहर में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### सड़कों को ध्वस्त किया

जिला योजनागार विभाग की अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि शहर में पनप रही कई कालोनियों में पीला पंजा चलाकर सड़कों को ध्वस्त कर दिया है। शहर में कॉलोनाइजर कितनी बार सड़कों निर्माण कर ले तो हर बार कॉलोनियों की सड़कों को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### अवैध प्लॉट्स न खरीदें

कॉलोनियों में सड़को की तोड़फोड़ की कार्रवाई के ड्यूटी मेजिस्ट्रेट रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में समय समय पर विभाग कार्रवाई करके सड़को व निर्माणधीन मकानो को ध्वस्त कर देते हैं। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट्स न खरीदे।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दस हजार नकदी छीनकर फरार

**अंबाला।** अंबाला शहर की फ्रेंडस कॉलोनी के निकट बाइक सवार दो युवकों ने बलदेव सिंह से 10 हजार रुपये की नकदी छीन ली।पीड़ित ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि वह 17 नवंबर की दोपहर को अपने घर के पास एक ट्रॉली वाले को पैसे देने लगे तभी दो बाइक सवार पैसे छीनकर भाग गए। पुलिस ने एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पीड़ित ने कहा कि आरोपी रोज किसी न किसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

### टाटा एस की चपेट में आने से युवक की मौत

**अंबाला।** कोट कछुआ गांव में टाटा ऐस की चपेट में आने से गांव के ही युवक गुरप्रीत की की मौत हो गई। हादसे के समय गांव के दो दोस्त गोगा माड़ी के पास खड़े हुए थे। इस बीच टाटा ऐस ने दोनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में धीरज पाल व गुरप्रीत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल में ले गए थे, जहां से गुरप्रीत को काफी चोंटे लगने के कारण चंडीगढ़ सेक्टर-12 पीजीआई रेफर कर दिया था, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल धीरज पाल ने बताया था कि 7 को वह दोस्त गुरप्रीत के साथ गांव के ही गोगा माड़ी किनारे खड़े थे। इतने में टाटा ऐस गाड़ी के चालक ने दोनों को चपेट में ले लिया। टाटा ऐस चालक फरार हो गया था।

# हरियाणा युवा कांग्रेस ने किया 'वोट चोर गद्दी छोड़ हल्ला बोल' प्रदर्शन

## सीएम आवास का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का प्रयोग

- पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दो जगहों पर बैरिकेटिंग की
- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास से कुछ दूरी पर पहली बरिकेटिंग को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा युवा कांग्रेस ने कुरुक्षेत्र में 'वोट चोर गद्दी छोड़ हल्ला बोल' प्रदर्शन आयोजित किया। प्रदर्शन में प्रदेश भर के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान सोमिल संधू ने किया। सुबह सबसे पहले कार्यकर्ता श्रीभागेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 2 में एकत्रित हुए, जहां पर सभा का आयोजन किया गया। सभा में सोमिल संधू ने युवा कांग्रेसियों की ओर से राष्ट्रीय प्रधान उदय भानु चिब को तलवार भेंट की। सभा के बाद सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की अगुवाई में सीएम आवास की ओर बढ़े। मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दो जगहों पर बैरिकेटिंग की। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास से कुछ दूरी पर पहली बरिकेटिंग को तोड़ा, वैसे ही पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का प्रयोग कर उन्हें वही रोक दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ साबित कर दिया है कि हरियाणा में किस प्रकार वोट चोरी की गई। हरियाणा में सैनी सरकार ने युवाओं को बेरोजगार कर दिया है। युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है। युवाओं को बर्बाद करने का काम सरकार कर रही है। बेरोजगारी के चलते हरियाणा से युवा दूसरे देशों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का प्रण युवा कांग्रेस ने लिया है।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का प्रयोग करती पुलिस।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनकारी कार्यकतार्ओं को यूथ कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान सोमिल संधू, युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सत्यवाल गहलोत, सह प्रभारी मीमांशा आर्या, सह प्रभारी प्रियंका, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव परमजीत पम्मी, हिमांशु अरोड़ा, विशाल चौधरी, महबूब चौधरी, अजय जोगी, आर्यन चौधरी, मुकेश चौधरी, सुमित मढाण, जितेंद्र नरवाल, नवनीत रंधावा, सूखा मालिक, जसवीर जागलान, मनीष मालिक, कुलदीप सिंह, गगन संधू, अभिषेक यादव, रूबल संधू, मनदीप सुई, सिकंदर संधू, आशु नम्बरदार, दिनेश पोसवाल, रजत लाठर, जसबीर पानु व गुलाब चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदर्शन के संयोजक बोले

वहीं प्रदर्शन के संयोजक एवं यूथ कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान सोमिल संधू ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के समय मुख्यमंत्री सैनी ने कहा था कि सारे व्यवस्थाएं कर ली गई हैं और हम सरकार बनाने जा रहे हैं। यहां सीएम ने संकेत दे दिए थे कि वो वोट चोरी का षडयंत्र रच सरकार बना लेंगे। आज हम प्रदर्शन के दौरान सीएम आवास से जो व्यवस्था सीएम सैनी ने की थी उसी के सुबूत लेने जा रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने वाटर कैनन और लाठी का इस्तेमाल कर रोक लिया।

एक लाख 65 हजार जुर्माना भी ठोंका

# महिला के साथ गलत हरकत करने व चोरी के आरोपी को 12 साल की सजा

- कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने महिला के साथ गलत हरकत करने व चोरी मामले के आरोपी रामफल वासी इंद्री जिला करनाल को 12 साल कठोर कारावास व 1 लाख 65 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 15 जून 23 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना लाडवा वासी एक महिला ने बताया कि वह 6 महीने की गर्भवती महिला है। वह अपने चैकअप लाडवा सरकारी हस्पताल में करवाती है। 15 जून 2023 को वह घर पर अकेली थी उसी समय एक व्यक्ति अपने आपको डॉक्टर बताकर उसके घर के अंदर आ गया। उसके बाद उस व्यक्ति ने उसका चैकअप करने के लिए उसे कमरे में बुलाया और अंदर जाकर उसके साथ गलत हरकत करनी शुरू कर दी। उसके शौर मचाने पर वह उसके बैड पर रखे 25 हजार रुपए उठाकर तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। थाना लाडवा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच अमल में लाई गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था।

### इंद्री का आरोपी

मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी रामफल वासी इंद्री जिला करनाल को दोषी करार देते आईपीसी की धारा 170 के तहत 2 साल कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माने की सजा तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 376 (2)(ल) के तहत 12 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 376 (2)(ङ) के तहत 12 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 380 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 452 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 25 हजार जुर्माने की सजा तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा व आईपीसी की धारा 506 के तहत 1 साल कठोर कारावास व 5 हजार रुपये व जुर्माना न भरने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

# यमुनानगर : शादी समारोह में आए दो दोस्तों पर चाकू से हमला, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- एक युवक की गर्दन व अन्य हिस्सों पर आई गंभीर चोटे, 20 टांके लगे

शहर की रायपुर कॉलोनी में शादी समारोह में आए सहारनपुर निवासी साहिल व उसके दोस्त सादिक पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में साहिल की गर्दन में अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई। अस्पताल में डॉक्टरों ने साहिल को 20 टांके लगाने पड़े और उसे पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस में मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की रायपुर कॉलोनी निवासी मुकर्रम ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके भाई सादिक का दोस्त सहारनपुर निवासी साहिल रायपुर कॉलोनी में शादी समारोह में आया था। इस दौरान सादिक व साहिल जब गांव के बाहर पहुंचे तो वहां पर उनकी गांव के ही हसीन, समद साकिब, एक अन्य साकिब व तालिब के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसे जब हादसे की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचा। उसने उन दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर साहिल को 20 टांके लगे। इसके बाद डॉक्टरों ने साहिल को पीजीआई रेफर कर दिया।

# अंडरपास निर्माण में खामियां विधायक ने रुकवाया निर्माण

**समालखा।** समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने बीडीपीओ कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनीं। विधायक भडाना के साथ एसडीएम अमित कुमार व एएसपी आत्मा राम सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक भडाना के दरबार में 150 से भी ज्यादा फरियादी समस्याएं लेकर आए। अधिकतर का मौके पर समाधान किया गया। विधायक के दरबार में पुराने बस अड्डे पर फ्लाईओवर के नीचे से हटाये गए फल सब्जी की रेहड़ी पटरी वाले फरियाद लेकर आए लेकिन उन्हें नए बस अड्डे के बाहर रेहडी लगाने का सुझाव दिया गया। दरबार में नारायणा व ढोडपुर के ग्रामीणों की नारायणा फाटक पर बनाए जा रहे रेलवे अंडरब्रिज को रूकवाने की मांग को सुनकर विधायक भड़ाना ने तुरंत रेलवे अधिकारी को फोन लगाया और फटकार लगाई और दोबारा से अंडरब्रिज का प्रोपोजल बनाने को कहा। मौके पर समामखा ब्लाक समिति के अध्यक्ष अंकुश चोपड़ा, नारायणा के पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, बिशम्बर सिंह, रमेश छौक्कर ढोडपुर आदि उपस्थित रहे।



**समालखा।** जनसुनवाई करते विधायक मनमोहन भडाना।

# करनाल: तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ई-स्कूटी सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- धीड़ पुलिया पर देर रात हुआ दर्दनाक हादसा चालक वाहन छोड़कर फरार

करनाल-यमुनानगर मुख्य मार्ग पर धीड़ पुलिया के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक एक ई-स्कूटी सवार को कुचलता हुआ निकल गया, जिससे 63 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब शेरगढ़ टापू के यशपाल अपनी पत्नी और देवर के साथ करनाल की ओर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी देवर संवरपाल, जो मोटरसाइकिल पर पीछे चल रहे थे, ने बताया कि जैसे ही ई-स्कूटी धीड़ पुलिया पर चढ़ी, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि यशपाल को बचने का कोई मौका नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक घबराकर वाहन सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पत्नी और देवर ने राहगीरों से मदद मांगी। पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल ट्रॉमा सेंटर भेजा। मृतक की पत्नी निर्मला ने थाना कुंजपुरा में शिकायत दी कि उनके पति यशपाल आगे-आगे स्कूटी पर चल रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। थाना कुंजपुरा के एएसआई हरवेश कुमार ने बताया कि ट्रक चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**जयपुर के कारीगर दिनेश और उनके साथियों ने तैयार किया**

# पिहोवा के संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में सुसज्जित हुई 38 किलो चांदी से निर्मित जलहरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में मंगलवार को भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए चांदी की जलहरी स्थापित की गई। संत महात्माओं की उपस्थिति में विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग पर जलहरी को सुसज्जित कराया।

मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी के निर्देशानुसार जलहरी की स्थापना की गई है। श्रीमहंत बंसी पुरी ने कहा कि संगमेश्वर महादेव मंदिर की साक्षात मान्यता है कि यहां भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि अखाड़े का सदैव यही प्रयास रहा है कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ-साथ श्रद्धालुओं को यहां हर सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संगमेश्वर मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि जलहरी को जयपुर के कारीगर दिनेश व उनके साथियों द्वारा तैयार किया गया है। इसे बनाने के लिए शुद्ध चांदी जिसका वजन 38 किलो के लगभग है। वह प्रयोग की गई है। इस कार्य में विनोद कुमार नाभा और अमन नाभा सहित सभी शिव भक्तों का सहयोग रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मंदिर में फरवरी माह में लगने वाले सालाना महाशिवरात्रि मेले की तैयारी भी शुरू कर दी गई हैं। यह कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया जाएगा।



पिहोवा। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में जलहरी की स्थापना करवाते संत महात्मा।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर ओम गिरी गोंदर, दिगंबर निर्भय गिरी, दिगंबर धीरज पुरी, महंत महेश पुरी काशी, महंत चमन गिरी, स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी, दिगंबर मृत्युंजय पुरी, पंडित शंभू दत्त गौतम, सतीश शर्मा, यज्ञदत्त शर्मा गोल्डी, कमलकांत गौतम, पंडित नरेश कौशल, शुभम कौशल, व सच्चिदानंद तिवारी सहित श्रद्धालु व संत महात्मा मौजूद रहे।

**पुलिस ने चार के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 13.19 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ऑस्ट्रेलिया भेजकर नौकरी दिलवाने के नाम पर गांव झाड़ चांदना निवासी अजय कुमार से 13.19 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप ग्लोबल इंफोटेक कंपनी की संचालक रमनदीप कौर, अजय कुमार, प्रदीप सिंह व तरणप्रीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव झाड़ चांदना निवासी अजय ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसके जानकार रितेश सैनी ने उसकी मुलाकात ग्लोबल इंफोटेक कंपनी में कार्यरत रमनदीप कौर, अजय कुमार, प्रदीप सिंह व तरणप्रीत सिंह से करवाई। आरोपियों ने उसे बताया कि उनका आस्ट्रेलिया की कंपनियों से टाइअप है। वीजा लगते ही दिल्ली के महिपालपुर स्थित शांति पैलेस होटल में आस्ट्रेलियाई कंपनी के साथ जॉब एग्रीमेंट कराकर उसे विदेश भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उससे 13.19 लाख रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने जून माह में उसे फोन करके बताया कि उसका वीजा लग गया है। 10 जून को दिल्ली के शांति पैलेस होटल में मीटिंग है। जहां टिकट पासपोर्ट सौंपकर फ्लाइट से भेज दिया जाएगा। तय तारीख को दिल्ली पहुंचा तो होटल में न कोई मीटिंग थी न कोई आस्ट्रेलियाई अधिकारी। साथ गए अन्य लोगों ने भी कमरे बुक कराए लेकिन आरोपी वहां नहीं आए। यमुनानगर लौटकर जब वह आरोपियों के कार्यालय पहुंचा तो वहां ताला लटका हुआ था। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# छह वर्षीय बच्ची पर कुत्तों ने किया हमला

- बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में करवाया भर्ती

**यमुनानगर।** जिले के गांव नाहरपुर में राज मिस्त्री की छह वर्षीय बेटी को कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में बच्ची को अस्पताल में भरती करवाया गया।

बिहार के जंकशाना निवासी नानू साहनी ने बताया कि वह पिछले काफी समय से नाहरपुर में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहकर राज मिस्त्री का कार्य करता है। मंगलवार सुबह वह रोज की तरह अपने काम पर चला गया था। इस दौरान उसकी पत्नी मूर्ति रसोई में खाना बना रही थी। इस बीच उसकी छह वर्षीय बेटी शिवानी अपनी छोटी बहन रोजी के साथ घर से बाहर गली में खेल रही थी। गली में खेलते समय शिवानी पर चार कुत्तों ने हमला कर दिया। शोर सूनकर आसपास के लोगो ने मौके पर पहुंचकर कुत्तों से उसकी बेटी को छुड़वाया और गंभीर हालत में अस्पताल में भरती करवाया गया। कुत्तों ने उसकी बेटी के सिर व टांगो पर दांतो के गहरे निशान कर दिए।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

**गांव कांजनू के पास हुआ हादसा**

गांव कांजनू के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की शांति कॉलोनी निवासी सनी कुमार ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मासी का लड़का 32 वर्षीय सौरव सात दिसंबर को रात साढ़े 10 बजे बाइक से घर लौट रहा था। जब वह गांव कांजनू के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने सौरव की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सौरव को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# कृषि मंत्री ने घिलौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया शिलान्यास

## 68 लाख 50 हजार रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा मंगलवार को गांव घिलौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस स्वास्थ्य 68 लाख 50 हजार रुपये में बनकर तैयार होगा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार का मूल मंत्र एवं उद्देश्य प्रदेश को विकास पथ पर आगे ले जाना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्देश्य है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य पूरे हों। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इसके प्रति भी प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव घिलौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनने से ग्रामीणों को घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। केन्द्र पर उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथए घायल व बीमार व्यक्तियों को गैर-आपातकालीन स्थितियों के लिए तत्काल चिकित्सा देखभाल मिल सकती है।

### केन्द्र बनने से ग्रामीणों को घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी

**विकास कार्यों में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए**

किवदंती कृषि मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लघु स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए और जिस विकास कार्य की शुरूआत की जाए उसे समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें ताकि जनता को उस विकास कार्य का लाभ मिल सकें। लघु स्वास्थ्य केन्द्र के शिलान्यास के लिए आयोजित कार्यक्रम में गांव के सरपंच सतीश कुमार ने गांव में होने वाले विकास कार्यों को करवाने की मांग रखी व ग्रामीणों ने अपनी.अपनी समस्याएं भी रखी। जिस पर कृषि मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी प्रत्येक मांग को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर रादौर की बीडीपीओ सिमरन भटनागर, पंचायती राज के एसडीओ जोगिन्दर सिंह, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मार्किट कमेटी रादौर के चेयरमैन रूपिन्द्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण काम्बोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह चीमा, गांव के सरपंच सतीश कुमार सहित पंचायती राजए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



यमुनानगर। कस्बा रादौर के गांव घिलौर में स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास करते मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### चिकित्सकों की हड़ताल का नहीं दिखा असर

**यमुनानगर।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आहवान पर जिले के नागरिक अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा की जा रही दो दिवसीय हड़ताल का दूसरे दिन मंगलवार को भी कोई जिला के नागरिक अस्पतालों में दिन भर सुचारू रुप से जारी रही स्वास्थ्य सेवाएं जिला के नागरिक अस्पतालों में बाहर से बुलाए चिकित्सकों समेत आयुष विभाग के सदस्यों ने कार्य संभाला।

### बाइक सवार युवकों ने महिला से छीना थैला

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र की पृथ्वी नगर कॉलोनी में बाइक सवार युवकों ने महिला से थैला छीन लिया। थैले में सात सौ रुपये तथा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पृथ्वी नगर फरकपुर निवासी मनोरमा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोमवार शाम पांच बजे कॉलोनी में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान रास्ते में बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके हाथ से थैला छीन लिया और मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने इकट्ठा होकर आरोपियों का पीछा करने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब रहे।

### प्रदर्शनी में भाग लेने से बच्चों में बढ़ेगी रूचि

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने रिबन काटकर प्रदर्शनी की शुभारंभ किया। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों का अवलोकन किया तथा सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा मॉडल बनाने का एक मुख्य कारण यही होता है कि बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## गोविंदपुरी रोड पर गंदगी फैलाने पर दो दुकानदारों के चालान काटे

# निगम की टीम ने चलाया शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

*निगम की टीम को देख दुकानदारों में मचा हड़कंप, स्वयं ही सामान दुकान के अंदर रखा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

**सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही**

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट व गोविंदपुरी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम ने दुकानों के बाहर रखे सामान को जप्त कर लिया। इसके अतिरिक्त गोविंदपुरी रोड पर गंदगी फैलाने पर दो दुकानदारों के चालान काटे गए। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर बड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर वार्ड एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह व वार्ड आठ से 15 तक सीएसआई अनिल नैन व वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। मंगलवार को सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में बनी एसआई बिट्टू सिंह, सतबीर सिंह व होमगार्ड के जवानों की टीम मीरा बाई मार्केट पहुंची। टीम ने वर्कशॉप रोड से मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। निगम की टीम ने बाजार से सरकारी गाड़ी निकाली। गाड़ी के आगे जो भी सामान आया, उसे उठाकर जब्त किया गया। सीएसआई अनिल नैन ने दुकानदारों को समझाया कि अतिक्रमण करने से आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं। इसलिए सभी दुकानदार सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें।





यमुनागर। मीरा बाई बाजार में अतिक्रमण हटवाती निगम की टीम।



यमुनानगर। खुले में मीट काट रहे व्यक्ति का चालान काटते हुए निगम की टीम।

**गोविंदपुरी रोड खुले में गंदगी फैलाने पर दो**

सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नजदीक दो दुकानदारों द्वारा खुले में गंदगी फैलाई हुई मिली। जिस पर दोनों दुकानदारों का चालान किया गया। साथ ही मौके की सफाई करवाई गई। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि वे खुले में गंदगी न फैलाएं। कचरा डालने के लिए डस्टबिन का इस्तेमाल करें।

### खुलेआम मीट बेच रहे विक्रेता का चालान

- नगर निगम ने खुले में मीट काटने वाले विक्रेताओं को दी कार्रवाई की चेतावनी

**यमुनानगर।** नगर निगम प्रशासन द्वारा खुले में मीट काटकर बेचने वालों पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने शहर के वार्ड आठ के टैगोर गार्डन में रिहायशी क्षेत्र में खुलेआम मीट काटकर बेच रहे एक विक्रेता का चालान काट दिया। इस दौरान नगर निगम के सीएसआई अनिल नैन ने खुले में मीट काटने वाले को दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर निगम के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल नैन ने बताया कि नगर निगम में शिकायतें मिल रही थी कि टैगोर गार्डन में खुले में मीट काटकर बेचा जा रहा है। इससे कॉलोनी में बदबू फैली हुई हैए वहींए आमजन का जीना मुहाल हुआ जा रहा है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर उनके नेतृत्व में सफाई निरीक्षक बिट्टू, सतबीरए प्रदीप दहिया व होमगार्ड के जवानों की टीम गठित की गई। उन्होंने अपने सफाई निरीक्षकों व होमगार्ड के जवानों के साथ मिलकर कॉलोनी में दबिश दी। उन्होंने देखा कि एक मीट विक्रेता रिहायशी क्षेत्र में खुले में मीट काट रहा है। उसने जानवरों का मीट काट कर कुंडियों पर लटकाया हुआ था।



यमुनानगर। गांव सांगीपुर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करती चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य

- नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा गांव सांगीपुर व अलीपुरा में आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव सांगीपुर व अलीपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों द्वारा सैंकड़ो लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस धर्मवीर सिंह ने शुभारंभ किया। कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य को लेकर मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की हुई है। जो गांव गांव जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती है। ताकि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोग स्वस्थ रह सकें। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गावं सांगीपुर व अलीपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं, कई लोगों के रक्त व यूनिर ने टेस्ट कर जांच की गई। मौके पर बीमार मिले लोगों को मुफ्त दवाइयां दी गई। इस दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों ने लोगों को सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचाव करने की भी सलाह दी गई। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य यही है कि किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए दूर या आर्थिक स्थिति के कारण परेशान न होना पड़े।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सांगीपुर के सरपंच नैब सिंह, बलराम सिंह, शंभू कुमार, सीताराम, नरेश कुमार, सरपंच बलकार सिंह, नंबरदार कुशपाल, सुरेंद्र कुमार और नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली विधेयक को लेकर जताया रोष

- भारतीय किसान सभा की गांव कुंजल जटान में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों की मंगलवार को गांव कुंजल जटान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला सचिव महिपाल चमरोडी ने की। सभा के जिला सचिव महिपाल चमरोडी ने बताया कि बैठक में बीज विधेयक व बिजली विधेयक 2025 को लेकर रोष जताया गया। मौके पर किसानों ने विधेयक की प्रतियां भी जलाई। जिला सचिव महिपाल चमरोड़ी ने कहा कि इन विधेयकों का उद्देश्य है कि बिजली का पूर्ण रूप से निजीकरण कर दिया जाए। इस मौके पर पर कुलवंत सिह, दर्शनलाल, शिशपाल, धर्मपाल, रामफल, प्यारेलाल, तंवर, भरत राम, संजीव धीमान, फूल सिंह, सुरेशपाल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव कुंजल जाटान में ग्रामीणों को संबोधित करते जिला सचिव महिपाल।

**भारतीय किसान सभा बर्दास्त नहीं करेगी**

उन्होनं कहा कि सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाकर निजी कम्पनियों को लोगों की लूट करने की छूट दिए जाने का काम किया जा रहा है। वहीं बीज विधेयक का भी यही मकसद है कि बीज बनाने में भी देशी विदेशी कम्पनियों का आधिपत्य हो जाए। इसी तरह इन विधेयकों के माध्यम से कंपनियों द्वारा किसानों को लूटने का अधिकार दिया जा रहा है। जिसे भारतीय किसान सभा बर्दास्त नहीं करेगी।

# खंडवा की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

- यूथ क्लब द्वारा रादौरी में आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन
- प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

यूथ क्लब रादौरी के तत्वावधान में गांव में आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने भाग लिया। उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित किए गए फाइनल मैच का रिबन काटकर शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन फाइनल मैच खंडवा क्रिकेट टीम व रादौरी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इस दौरान खंडवा क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रादौरी क्रिकेट टीम को चार रनों से हराकर प्रतियोगिता को जीत कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर विक्रांत कांबोज, छवि शर्मा, विकाश, हर्ष शर्मा, इंद्रजीत, राजिंदर, प्रदीप, गौरव कांबोज आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौरी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल मैच का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

**खेलों को अपनाएं**

मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से जहां युवाओं में खेलों के प्रति जागरुकता बढ़ती है। बल्कि नए खिलाड़ी भी उभरकर सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश, प्रदेश और जिला के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रस्तरीय खेलों में स्वर्ण समेत अन्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल समेत अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों का स्वांगिंण विकास भी होता है और उनकी कुशलता को बढ़ावा भी मिलता है।

**मौसम** किसानों को सरसों की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद


# मौसम में ठिठुरन बढ़ने से धरती पर खिला सोना जिले में पिछले कई दिन से चल रही है शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पिछले कई दिन से मौसम में ठिठूरन बढ़ने से खेतों में सरसों की फसल लहलहाने लगी है। किसानों की मानें तो मौसम में ठिठूरन बढ़ने से जिले में सरसों की फसल की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद बन गई है। वहीं, शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में कई दिन से चली शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विशेषज्ञ मोहन लाल का कहना है कि मौसम में ठंड बढ़ना सरसों व गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है। मौसम में जितनी ज्यादा ठंड बढ़ेगी सरसों व गेहूं की फसल की पैदावार भी बढ़ने की संभावना है।



यमुनानगर। मौसम में ठंड बढ़ने से खेतों में लहलहाती हुई सरसों की फसल।

**खुशक ठंड पड़ रही**

किसान राजबीर सिंह, सुखबीर सिंह, मायाराम, सुरेश कुमार व गुलाब सिंह आदि ने बताया कि मौसम में अधिक ठंड पड़ना सरसों की फसल के लिए शुभ संकेत है। इससे न केवल फसल में बीमारी का प्रकोप नहीं होगा, बल्कि पैदावार भी अच्छी होने की उम्मीद बन गई है। उन्होंने बताया कि इस बार मौसम में खुशक ठंड पड़ रही है।

**दस हजार हेक्टेयर भूमि में सरसों**

आंकड़ों के मुताबिक जिले में इस बार करीब दस हजार हेक्टेयर भूमि में सरसों की फसल की बिजाई की गई है। जबकि गेहूं की फसल में भी लोगों ने सरसों की फसल की बिजाई की हुई है। शुरू में किसानों को लगा था कि बारिश की कमी की वजह से कहीं फसल बीमारी की चपेट में न आ जाए। मगर ऐसा हुआ नहीं और फसल खेतों में लहलहा उठी। खास बात यह रही कि इस बार सरसों की फसल पर किसी बीमारी का प्रकोप न आने से पैदावार अधिक होने की उम्मीद बन गई।

# फर्जी इस्तीफे तैयार कर ट्रस्ट की हिस्सेदारी हथियाने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

- पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में मेला सिंह मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी हरजिंदर सिंह ने मुकेश जिंदल, मनीष सिंह, विशाल अग्रवाल समेत नौ लोगों पर फर्जी इस्तीफे तैयार कर ट्रस्ट की हिस्सेदारी हथियाने और सात करोड़ 31 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मेला सिंह मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी हरजिंद्र सिंह ने बताया कि ट्रस्ट जिला अंबाला के मुलाना में गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट दो कॉलेज चलाता है। ट्रस्ट की मौजूदा संरचना में तरलोचन सिंह अध्यक्ष, कमलजीत कौर उपाध्यक्ष, हरजिंदर सिंह महासचिव, राम कुमार कैशियर तथा विपिन जिंदल और अनु जिंदल सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ट्रस्ट की संपत्ति एवं स्वामित्व को लेकर पुनीत गोयल ओम वेलफेयर ट्रस्ट हिसार बनाम मेला सिंह मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के बीच अंबाला कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है तथा कोर्ट द्वारा ट्रस्ट की संपत्ति के हस्तांतरण पर अंतरिम स्थगन आदेश पारित किया हुआ है।

**ट्रस्ट की संरचना में बदलाव करवाया**

हरजिंद्र ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट में बहुमत हासिल करने के उद्धेश्य से ट्रस्टी अनु जिंदल के पति मुकेश जिंदल निवासी निराला नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश ने अपने रिश्तेदारों एवं अन्य व्यक्तियों डॉ. मनीष सिंघला, डॉ. विशाल अग्रवाल, अनु जिंदल, रोहित अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, राम कुमार, विपिन जिंदल व संजय गर्ग के साथ मिलकर उनके व ट्रस्टीगण के फर्जी इस्तीफे तैयार करके उन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 30 दिसंबर 2024 को तहसीलदार यमुनानगर के समक्ष ट्रस्ट की संरचना में बदलाव करवा लिया। सब रजिस्ट्रार कार्यालय यमुनानगर में नया ट्रस्ट डीड पंजीकृत करवा लिया।

खबर संक्षेप

## सुबह 8 से सायं 8 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री

**लाडवा।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लाडवा क्षेत्र में सुरक्षा व जान मान के नुकसान की दृष्टि से कानून व्यवस्था और ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए कुछ आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार लाडवा शहर में सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक दो एक्सल 6 टायर सहित सभी भारी माल वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित करने के आदेश पारित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस आदेशों में भारतीय खाद्य निगम, सरकारी कार्यों हेतु प्रयोग होने वाले भारी वाहनों और अत्यावश्यक सेवाओं के चल रहे वाहनों को उक्त आदेशों में छूट रहेगी।

## जन कल्याण मंच ने छात्रों को दिए बूट और जुराबें



**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी संस्था जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र निरंतर समाज सेवा में जुटा हुआ है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज सस्था ने गांव रावगढ़ के सरकारी स्कूल में छात्रों को बूट एवं जुराब वितरित की। विद्यालय इंचार्ज विजय पाल ने संस्था के प्रधान दलबीर मलिक, महासचिव मास्टर बलदेव सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, संरक्षक डीआर भटनागर, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर, शिव किरमच, सचिव कुलदीप सिंह सैनी का स्वागत किया। प्रधान दलबीर मलिक ने कहा कि प्रत्येक समर्थ व्यक्ति को हर जरूरतमंद व्यक्ति की हरसंभव सहायता करनी चाहिए।

## सीजेएम के निर्देशानुसार 'लीगल एड डेस्क' स्थापित



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार स्वीकार, न्याय और सम्मान अभियान के तहत लीगल एड डेस्क स्थापित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत गांधी नगर में लीगल एड डेस्क लगाया गया, जहां लोगों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।

## मारपीट के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने गुमथलागढ़ू टोल प्लाजा पर युवक के साथ मारपीट करने तथा अपशब्द बोलने के आरोप में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पेहवा पुलिस टीम ने टोल प्लाजा पर युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में नरेश कुमार, अमन गिर, गुरदेव सिंह, सोहन सिंह उर्फ सोनी, रोबिन व ललित वासीयान गुजरां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में हरियाणा का शानदार प्रदर्शन

## ओवरऑल रनर-अप ट्रॉफी के साथ जूनियर व सब-जूनियर वर्ग में भी रहा रनर-अप



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उड़ीसा के संबलपुर में आयोजित 30वीं राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के साइकिलिस्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। इसके अलावा हरियाणा ने जूनियर और सब-जूनियर वर्ग में भी रनर-अप रहकर प्रदेश का परचम लहराया। हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि प्रतियोगिता में अंडर-14 बॉयज वर्ग में तनिष्क ने 15 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि 20 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में तनिष्क, तनुज और दीपांशु की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धिया

अंडर-14 गर्ल्स में गजल ने 10 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में कांस्य तथा 20 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में गजल, दीक्षा और दीक्षा ने रजत पदक जीता। हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि अंडर-16 जूनियर लडकों में सनी ने 20 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में रजत और 30 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में सनी, मोक्ष, अर्जुन और वंश ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-18 लड़कियों में शोभा ने 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में रजत और 100 किलोमीटर रोड रेस में आशा ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि अंडर-18 लडकों में मनीष नेहरा ने 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण तथा 40 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में मनीष, विवेक, राहुल और अंगद ने रजत पदक जीता।

### सभी आयु वर्गों में दिखाया दमखम


*अंडर-23 पुरुष वर्ग में रमन ने 40 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष साइकिलिस्टों ने भाग लिया, जहां हरियाणा के साइकिलिस्टों ने अपनी तेज रफ्तार, बेहतर तालमेल और फिटनेस के दम पर सभी आयु वर्गों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने सभी खिलाड़ियों कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत और कोचिंग स्टाफ के निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी हरियाणा के खिलाड़ी देश का परचम लहराएंगे।।*

## एसडीआरएफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 850 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# आग सुरक्षा, एम्बुलेंस सेवाओं व सीपीआर पर की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

*इसके साथ बाढ़ राहत कार्यों का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसमें एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू बोट एवं बचाव उपकरणों का उपयोग कर सुरक्षित निकासी प्रक्रिया को प्रदर्शित किया।*



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते एसडीआरएफ कुरुक्षेत्र टीम के सब इंस्पेक्टर संजीव।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कुरुक्षेत्र द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मथाना में बाढ़ राहत, कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर), आग सुरक्षा, एम्बुलेंस सेवाओं तथा प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन पर एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपायों और जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। यह मॉक ड्रिल एसडीआरएफ कुरुक्षेत्र टीम द्वारा सब इंस्पेक्टर संजीव के नेतृत्व में की गई। इस मॉक ड्रिल में कुल 850 छात्र एवं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मथाना के सभी स्टाफ सदस्य शामिल हुए। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लेते हुए महत्वपूर्ण आपदा प्रबंधन कौशल सीखे। इस मॉक ड्रिल में रेडक्रॉस, फायर ब्रिगेड टीम तथा बाबैन एम्बुलेंस सेवा ने भी सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में बाढ़ राहत कार्यों का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसमें एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू बोट एवं बचाव उपकरणों का उपयोग कर सुरक्षित निकासी प्रक्रिया को प्रदर्शित किया। इसके बाद चिकित्सा टीम ने सीपीआर का प्रायोगिक प्रदर्शन किया और विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने की तकनीक समझाई।

### सुरक्षित निकासी प्रक्रिया पर डेमोंस्ट्रेशन दिया

फायर ब्रिगेड टीम द्वारा आग सुरक्षा एवं सुरक्षित निकासी प्रक्रिया पर विस्तृत डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। एम्बुलेंस कर्मियों ने आपातकालीन उपचार, स्ट्रेचर उपयोग और जीवन रक्षक उपकरणों के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में इंचार्ज प्रिंसिपल देवेंद्र पाल सिंह ने एसडीआरएफ टीम के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को आपदा के समय स्मृ-सुरक्षा और समाज की सहायता के लिए सक्षम बनाती है। इस मौके पर एएसआई जसविंदर, सोहनलाल, सलिंदर कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष, जयदीप और धर्मपाल के नेतृत्व में की गई।

# चिकित्सकों की हड़ताल जारी, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्ची बनवाते मरीज।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले चिकित्सकों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। चिकित्सक एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक और संशोधित एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़्ताल पर है। इससे सरकारी अस्पतालों में ओपीडी, सर्जरी और अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं। मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर आदेश मेडिकल अस्पताल के डॉक्टरों को सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में तैनात किया, लेकिन मरीजों का कहना है कि पर्याप्त और विशेषज्ञ इलाज नहीं मिल पाया। दवाएं लिखकर मरीजों को वापस भेज दिया गया या आगे की जांच टाल दी गई।

### 18 डाक्टर हड़ताल पर

*हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन का आरोप है कि सरकार ने वार्ताओं में वादे किए लेकिन उन्हें अमल में नहीं लाया। वही जिला स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि अस्पताल में आए मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी गई। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि जिला में सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से चल रही है। सभी ओपीडी, एमरजेंसी, पोस्टमार्टम व ओटी सहित सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु है। डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि आदेश मेडिकल अस्पताल से 104 डाक्टर मिले है लेकिन अभी तक उनकी जरुरत नही पड़ी है। सोमवार को 23 डाक्टर हड़ताल पर रहे व मंगलवार को 18 डाक्टर हड़ताल पर है। इसके अलावा अन्य सभी डाक्टर सेवाएं दे रहे है। मरीजों की जांच के लिए परामर्श चिकित्सक भी सेवाएं दे रहे है। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी जाएगी उनके पास पर्याप्त व्यवस्थाएं है।*

## सेवा ट्रस्ट यूके ने राजकीय विद्यालय में बच्चों को बांटी बूस्टर किट

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज वह सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला संगठन सचिव दिलबाग सिंह सोथा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट लगातार सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता रहता है। इसी कड़ी में विद्यालय में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होने बताया कि अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए। उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके भारत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है। समय-समय पर इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं। सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएँ शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर सुखो देवी, बलकार सिंह,सिंह राज, बीरमति, आशा देवी, शीला देवी, पुपिंदर कौर आदि उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। बच्चों को बूस्टर किट वितरित करते ट्रस्ट के सदस्य।



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय टैलेंट हंट कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज एवं कांग्रेस पदाधिकारी।

## कांग्रेस पार्टी ने चलाया टैलेंट हंट कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिला कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को हरियाणा कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रमुख संजीव भारद्वाज ने संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस प्रदेश में टीवी पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं की तलाश कर रही है। मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं में उन चेहरों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनकी राष्ट्रीय व प्रदेश के मुद्दे, समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी होगी और गहरी पकड़ होगी। क्योंकि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और इसके माध्यम से जनता की आवाज को भली भांति उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की विधिवत तौर पर आगाज कर दिया गया है युवाओं में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है कार्यक्रम के माध्यम से नए चेहरों को अवसर मिलेगा। संजीव भारद्वाज ने कहा कि टैलेंट हंट एक ऐसा मंच होगा जहां देश के कोने कोने से युवा अपने विचार, अपनी क्षमता ओर अपनी प्रतिबद्धता को साबित कर सकते है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया कॉर्डिनेटर मोनिका डुमरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह, जयपाल पांचाल, लक्ष्मीकांत शर्मा , पवन चौधरी, वीरेंद्र रोहिला, ओम प्रकाश सिरोहा, ओम प्रकाश, सुरेंद्र फौजी, सतीश बतान, गुरमेज सिंह भिंडर, अशोक शर्मा, मामचंद प्रजापत के इलावा कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

*गायकों ने मधुर भजनों से बांधा समां*

# सांईभक्तों ने बाबा की पवित्र चरण पादुकाओं के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अतिथियों को सम्मानित करते कार्यक्रम आयोजक।

समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में पिपली रोड़ स्थित होटल सैफरॉन में आयोजित श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र सहित कई शहरों के हजारों सांईभक्तों ने बाबा की पवित्र चरण पादुकाओं के दर्शन किए। आयोजन पदाधिकारी मेहर सिंह मलिक और डॉ.विजय शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में यह पहला भव्य कार्यक्रम रहा जिसमें सांई नगरी शिरडी सहित कई शहरों के श्रद्धालु एक साथ एक स्थान पर इकट्ठे हुए। कार्यक्रम में शिरडी से आए शिरडी संस्थान ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर (आई.ए.एस.), जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अहिल्यानगर अध्यक्षा अंजू शेंडे, अहिल्यानगर के कलेक्टर डॉ.पंकज आशिया सहित पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने सांई बाबा की पवित्र ज्योत प्रज्ज्वलित की। समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच पर विख्यात गायक पारस जैन (शिरडी वाले), दिल्ली से सांई विशाल दास और प्रवीण लूथरा ने सांई के मधुर भजनों से समां बांधा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर परिषद् थानेसर की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा, रामशरण, गगनदीप ढींगरा, कमल अरोड़ा, अनिल बजाज, विजय बजाज, राकेश मित्तल, गौरव गर्ग, केवल कृष्ण छाबड़ा, डी.आर.गुप्ता, यश अरोड़ा, परमिंदर मनचंदा, कुलभूषण मुंजाल, आशीष सभ्रवाल, नरेंद्र शर्मा, धीरज गुलाटी, पवन छाबड़ा, मनोज शर्मा, सन्नी मुंजाल, प्रदीप अरोड़ा, रमन बंसल, तरुण ढींगरा, ललित चुटानी, राकेश आहुजा, वाई.पी.शर्मा,श्याम जुनेजा, अरुण गौड़, प्रवीण टुटेजा, सुमित गोयल, अजय शर्मा, प्रवीण ग्रोवर, नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।



## स्वच्छ भारत अभियान : नवयुग स्कूल में गूंजा 'मेरा थानेसर-मेरी पहचान' का नारा

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में नगर परिषद थानेसर द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं प्रसार एक्सपर्ट कमिटी के सदस्यों बीरेंद्र कुमार भारद्वाज, विजय तथा प्रीती द्वारा विद्यार्थियों को गीले और सूखे कूड़े को अलग रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि नागरिकों को अपने कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके नगर परिषद के डिब्बों में डालना है ताकि खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकें और गंदगी कम हो सके। रसोई से निकलने वाला कूड़ा जैसे सब्जी-फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन, अंडे के छिलके, चाय पत्ती, आदि को अलग रखें। प्लास्टिक, कागज, गत्ता, धातु, रबर, थमार्कोल, पुराने कपड़े, दवाएं आदि अलग रखें। गीले कचरे से खाद और बायोगैस बनाई जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि कचरे को अलग करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे रीसाइक्लिंग बढ़ती है, लैंडफिल का बोझ कम होता है, प्रदूषण घटता है, प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है, और मिट्टी-पानी दूषित होने से बचते हैं, जिससे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों की रक्षा होती है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मोनिका, अंजलि, स्वाति, कोमल, मधु, किरण, रेनू, रीमा, स्नेह, पूनम, अध्यापक जसमे आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। अयोध्या कौशलेश सदन पीठाधीश्वर जगद्गुरु वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर महाराज का स्वागत करते जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी चौधरी, जजपा नेता जसविंद्र खैहरा व अन्य।

## इंद्र को देवलोक पर अधिकार दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया : जगद्गुरु वासुदेवाचार्य

**कुरुक्षेत्र।** श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित खेड़ी राम नगर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया की भगवान विष्णु ने सतयुग में अपना पांचवा अवतार वामन का लिया था। इस अवसर पर अयोध्या कौशलेश सदन पीठाधीश्वर जगद्गुरु वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी महाराज का भागवत कथा में पदार्पण हुआ, महाराज ने बताया कि भगवान वामन ऋृषि कश्यप तथा उनकी पत्नी अदिति के पुत्र थे। कथा को वृद्धि करते हुए वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर ने कहा कि भागवत कथा के अनुसार, राजा बली ने इन्द्र का देवलोक हड़प लिया था। इंद्र को देवलोक पर अधिकार दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया। भगवान वामन एक बौने ब्राह्मण के वेश में विरोचन के पुत्र तथा प्रहलाद के पौत्र बली के पास गए। इस अवसर पर आचार्य रंगनाथ शास्त्री, जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी चौधरी पूरण चंद बतान, जसविंदर खेरा, नरेश शर्मा,सरजंत सैनी, देवी दयाल शर्मा, सुदेश देवी, एडवोकेट सुशील कुमार, सरपंच सुनीता देवी, चौधरी फतेह सिंह आदि मौजूद रहे।

**सहायता** अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ अच्छे विचारों को भी अपनाना जरूरी : सैनी

*मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की*

# रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने 600 विद्यार्थियों को जर्सियां, जूते और स्कूल बैग किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील द्वारा जर्सी, जूते व बैग वितरित करते हुए व उपस्थित बच्चे।

शहर की अंतरराष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने 600 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां, जूते व स्कूल बैग भेंट किये। प्रोजेक्ट चेयरमैन डिंपल गुम्बर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब की तरफ से हर वर्ष की भांति सर्दी के मौसम को देखते हुए विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 600 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां, जूते व स्कूल बैग वितरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन शिवाला रामकुण्डी पर किया गया जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की वहीं जी आर एम फूड्स के चेयरमैन समाजसेवी प्रदीप गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी सचिन गर्ग, राजेश गोयल, कपिल गर्ग, राजू गर्ग व रणधीर सिंह विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रधान संजीव जिंदल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। रोटरी के पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के अंतर्गत बच्चों के विकास और उन्हें उत्तम शिक्षा प्रदान कराने के उद्देश्य से जर्सियां, जूते व स्कूल बैग वितरण का कार्य किया जा रहा है और साथ ही उन्होंने रोटरी द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में और विशेषकर पोलियो उन्मूलन अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

### बच्चों को किया प्रेरित

मुख्यातिथि कैलाश सैनी ने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को अपने स्कूल में अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के साथ साथ अच्छे विचारों को भी अपनाना चाहिए क्योंकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शैक्षिक अध्ध्ययन के साथ एक प्रेरणा की आवश्यकता होती है जो हमें केवल अच्छे विचारों से मिल सकती है और जीवन में लक्ष्य स्थापित कर उसे पाने के लिए हरसंभव प्रयत्न करना चाहिए ताकि हर कोई उस पर गर्व कर सके। उन्होंने सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यों को भी विस्तार से बताया और रोटरी द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर रोटरी सचिव दुर्गेश गोयल, रोट्रैक्ट प्रधान गर्वित धवन, इनरव्हील प्रधान मोनिका बंसल, विकास सिंघल, राकेश खुराना, अरुण करूड़वाल, भूपिंदर सिंह, नरेंदर सिंघल, राजेश मिगलानी, रविकांत गिरधर, दीपक सिंघल, अवतार सेखों, दिनेश गोयल, अरविन्द गोयल, वरुण कंसल, हरनेक सिंह, राजेश वर्मा, मुनीश सिंघल, वंश गर्ग, चिराग मेहता, सुमित गोयल, गौरव गंभीर, अंजलि गोयल, निर्मल खुराना व प्रोमिला कवात्रा सहित तीनों क्लबों के सदस्य, स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में पांच गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज जमीन खरीद फरोख्त में हुई धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी बलकार सिंह, रसीद मोहम्मद, कपिल, पलविंद्र सिंह व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी पलविंद्र व कपिल का अदालत ने 3 दिन व अन्य आरोपियों को 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित महिला ने 9 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15/16 अक्तूबर 2025 को आरोपी बलकार सिंह व अन्य आरोपियों ने जमीन खरीद फरोख्त मामले में फर्जी वसीयत व मुख्त्यारनामा तैयार कर उससे धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी ताजुदीन व नन्ना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। हिसार के पंकज कुमार ने 8 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6/7 दिसंबर 2025 की रात्रि आरोपियों ने अद्याई पुल से 40 प्लेट, 25 गार्डर, 2 वेल्डिंग मशीन व अन्य सामान चोरी किया है।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखदीप उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। बलदेव नगर के कमलदीप ने 10 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 जून 2025 से 25 सितंबर 2025 के दौरान आरोपी सुखदीप सिंह ने उसका असला लाइसेंस बनवाने व गाड़ी को नाम करके उसे वापिस न देने बारे धोखाधड़ी करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है।

### स्नेचिंग के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिग के मामले में पुलिस ने आरोपी बॉबी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 1 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 नवंबर 2025 को आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** गांव डूमरखां खुर्द में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर सोने, चांदी के जेवरात तथा 17 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### बाड़े से भैंस व कटड़ी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव आसन में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आसन निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह पशुओं को चारा डाल कर घर सोने चला गया।

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले, मोदी का सपना साकार करने के लिए हर नागरिक करे सहयोग

### अभियान रथयात्रा को भी किया रवाना

# दुकानदारों से स्वदेशी चीजें खरीदने व बेचने का आग्रह

*पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मंगलवार को मानव चौक के नजदीक आत्मनिर्भर भारत अभियान रथयात्रा को रवाना किया। इस दोरान उन्होंने दुकानदारों व अन्य को स्वदेशी अपनाने व बेचने की अपील की। इससे पहले यहां पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला का भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रदेश संयोजक परव , प्रीती , भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा के साथ-साथ अन्य विशेष रूप से मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करने के लिए जन भागेदारी बेहद आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैथल से रवाना किया है जोकि हर जिले में जाकर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाने के लिए यहां से संकल्प भी लिया गया है। घर-घर तक पहुंचाने के लिए इसके तहत कार्यकर्ता व पदाधिकारी कार्य कर रहे हैं। स्वदेशी को अपनाने के लिए छोटे से छोटा बदलाव निसंदेह बेहद कारगर सिद्ध होगा व भारत की अर्थव्यवस्था पूरी दूनिया में ओर बेहतर होगी। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि भारत प्रथम होने के नाते हर देशवासी का कर्तव्य बनता है कि वह स्वदेशी को अपनाकर इससे जुड़े। गोयल ने इस अवसर पर यह भी कहा कि इस अभियान के तहत आज से जन संपर्क अभियान भी शुरू किया गया है जिसके तहत बाजारों व घरों में जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान 24 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी पत्र की कॉपी भी वितरित की जाएगी ताकि स्वदेशी की महत्वता बारे सबको जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश मे बनी निर्मित चीजों को खरीदेंगे तो निसंदेह उससे देश ओर उन्नति की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कहा कि वे इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें और इस अभियान को सफल बनाएं। अभियान के तहत आमजन भी आगे आकर इसे सफल बनाने का काम करें।



**अंबाला।** अभियान के दौरान मिट्टी के बर्तनों की जानकारी लेते पूर्व राज्यमंत्री व अन्य।

### रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने आत्मनिर्भर भारत अभियान रथ यात्रा को रवाना करने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व कार्यकर्ताओं के साथ शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों पर जाकर व्यपारियों व आमजन से सीधा संवाद करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, बढ़ावा देने बारे अपील की। उन्होंने कहा कि आत्मनर्भिर भारत केवल एक अभियान नहीं बल्कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प है। जब हम स्वदेशी को अपनाते हैं तो हम देश के छोटे उद्योगों, किसानों, कारीगरों व स्थानीय व्यवसायों को मजबूत करते हैं। यह अभियान हमारे स्थानीय उत्पादन को वैश्वीक पहचान दिलवाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने स्वदेशी को अपनाने का संदेश देते हुए स्वयं मटका व अन्य स्वदेशी उत्पाद भी खरीदे और सभी को इसके लिए प्रेरित भी किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, बीनू गर्ग, राजेश बतौरा, महामंत्री विवेक गुप्ता,संजीव गोयल टोनी,आशीष टक्कर, सरदूल सिंह, हितेष जैन, अर्चना छिब्बर, मोनिका मल, गुरप्रीत शाना व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शुगर मिल ने वचनबद्धता निभाई बकाया भुगतान किया चुकता




**शहजादपुर।** बनौंदी शुगर मिल का बाहरी दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बनौंदी शुगर मिल की ओर से गन्ने का बकाया भुगतान चुकता कर दिया है। अब मिल प्रबंधन नए भुगतान की तैयारी कर रहा है। शुगर मिल की सीईओ शिवजीत भारती ने बताया कि मिल द्वारा गन्ना भुगतान वर्ष 2024-25 का भुगतान अपेक्षित समय से काफी पहले जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्तमान सत्र में गन्ना भुगतान की प्रक्रिया भी जल्द प्रारंभ की जा रही है ताकि किसानों को आर्थिक असुविधा न हो।

### सरकार किसानों के साथ

एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सरकार व प्रशासन हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। हमारा पूरा प्रयास रहा है कि किसानों को उनका भुगतान मिले। इसके लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्तर पर सारी प्रक्रियाओं को सरल व तेज किया गया है। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपना पूरा गन्ना शुगर मिल को ही दें ताकि मिल अधिकतम क्षमता के साथ निरंतर चल सके और भुगतान व्यवस्था भी मजबूत व सुचारू बनी रहे। शुगर मिल के सीएफओ विजय भाटिया ने भी कहा कि पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है।

## कैंटर चालक ने डिवाइडर में मारी टक्कर बाल बाल बची ई. रिक्शा की सवारियां

**अंबाला।** अंबाला छावनी के हाथीखाना मंदिर के सामने सोमवार रात को हादसा हो गया। रंगिया मंडी की तरफ से आए तेज रफ्तार कैंटर ने डिवाइडर में टक्कर मार दी। इस हादसे में नजदीक से गुजर रहे ई-रिक्शा में सवार सवारियां बाल-बाल बच गईं। हादसे के कारण डिवाइडर पर हजारों रुपये की लागत लगी फैंसी लाइट भी टूट गई, वहीं घटना के बाद चालक मौके पर ही कैंटर को छोड़कर फरार हो गया। रास्ते के अवरूद्ध होने से स्कूल-कॉलेज व मंदिर सहित कार्यस्थलों की तरफ जाने वाले छात्रों व लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी सफाई में लगे वाहन ने इसी रास्ते पर लगे बिजली के खंभे को तोड़ दिया था, गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

## सुषमा स्वराज पुरस्कार पाने वाली महिला को मिलेगी 5 लाख रुपये की नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए दिए जाने वाले हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 दिसंबर 2025 कर दी गई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अधिक से अधिक पात्र महिलाओं से इन प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु आवेदन करने का आह्वान किया है। इच्छुक महिलाएं अपना पूर्ण बायोडाटा एवं उपलब्धियों का विवरण जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में 15 दिसंबर 2025 तक जमा करवाया जा सकता है। जिला स्तरीय रिकमेंडेशन कमेटी द्वारा संस्तुति के साथ इन नामांकनो को जिला कार्याक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास द्वारा 5 जनवरी 2026 तक निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग को भेजे जाएंगे। एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्लयू, महिला खिलाडी, सरकारी कर्मचारी और महिला उघमी द्वारा पुरस्कारों के लिए आवेदन सीधे संबंधित विभाग में पूर्ण दस्तावेजों सहित 15 दिसंबर 2025 तक जमा करवाएं जा सकते हैं।

### महिला राज्य पुरस्कार

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों में आने वाले पुरस्कार व पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्रों में सुषमा स्वराज पुरस्कार जिनमें 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि व प्रशस्ति-पत्र, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार में 1 लाख 50 हजार रूपयें की राशि व प्रशस्ति-पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार में 1 लाख रूपयें की राशि व प्रशस्ति-पत्र, बहन शन्नों देवी पंचायती राज पुरस्कार में 1 लाख रूपयें की राशि व प्रशस्ति-पत्र, लाइफटाइम अचीवर्स अवार्ड में 51 हजार रुपये व प्रशस्ति-पत्र, एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी महिला पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता महिला पुरस्कार व महिला उद्यमी पुरस्कार में 21 हजार रूपयें की सम्मान राशि व प्रशस्ति-पत्र शामिल है।

## पुलिस ने जरुरतमंदों को कंबल बांटकर कमाया पुण्य

### झुग्गी झोपड़ी व रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले लोगों की ठंड दूर करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चेरिटेबल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से पुलिस ने ठंड से बचाव के लिए अंबाला शहबर में अनाज मंडी के समीप झुग्गी झोपडी व रेलवे लाइन अंबा मार्केट में रहने वाले लोगों को गर्म कंबल बांटे। इसी कड़ी में प्रबंधक थाना पड़ाव धर्मबीर व चौकी प्रभारी ने भी सहयोगी जवानों के साथ रेलवे स्टेशन पुल के नीचे रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल बांटें।

पुलिस टीम ने विशेष तौर पर उन स्थानों का दौरा किया जहां रात के समय लोग कड़ाके की सर्दी में बिना किसी सुविधा के खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर होते हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस का कार्य केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की पीड़ा को समझते हुए उनकी हर संभव सहायता करना भी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के साथ कई लोग आवश्यक संसाधनों से वंचित रहते हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा समय समय पर चलाए जा रहे इस तरह के सेवा अभियान उन तक राहत पहुचांने का एक सराहनीय प्रयास है। गर्म कंबल वितरण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जरूरतमंदों से उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और संभावित सहायता का भरोसा दिलाया। सर्दी में सिकुड़कर बैठे इन लोगों को जब पुलिस ने अपने हाथों से कंबल दिए तो उनके चेहरे पर राहत और संतोष की मुस्कान दिखाई दी। लोगों ने पुलिस इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि सर्दी के इस मौसम में यह मदद उनके लिए एक उत्कृष्ठ वरदान है। सोसायटी के प्रधान एचएल बिंद्रा, चेयरमैन अशोक राणा, आरसी मनचंदा, बिट्टू गुलाटी, कपिल गुगलानी व महिंद्र चावला मौका पर मौजूद रहे। सोसायटी के सदस्यों ने उच्चाधिकरियों की मानवता के प्रति इस उत्कृष्ठ कार्य की प्रंशसा की।






**अंबाला।** गायों के लिए चारा लेकर जाते क्लब के पदाधिकारी।

## गायों को खिलाया गया चारा

**अंबाला।** लायंस क्लब अंबाला सॉलिटेयर की ओर से मंगलवार को अंबाला शहर की घास मंडी स्थित गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। क्लब के प्रेजिडेंट राजीव जैन ने बताया कि उनकी संस्था की ओर से निरंतर सामाजित सेवाओं में ऐहम भागीदारी की जा रही है। संस्था की ओर से कईं प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। गायों को चारा खिलाना भी संस्था के प्रोजेक्ट का एक हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं में क्लब के कंवर गजपाल सिंह, अमित सैनी, नितिन मग्गो, राजन महंदीरत्ता व सविता महंदीरत्ता भी ऐहम भूमिका निभा रही हैं। जैन ने कहा कि आने वाले दिनों में संस्था कि ओर से गरीब व जरूरतमंद बच्चों को गरम कपड़े, स्कूली शिक्षा से जुड़ी सामग्री भी वितरित की जाएगी। उन्होंने सेवा में सहयोग के लिए क्लब के सभी सदस्यों के साथ पदाधिकारियों का भी आभार जताया।

## छात्रों ने निभाई नेता व मंत्रियों की भूमिका

### छात्रों के लिए मॉक यूथ पार्लियामेंट 2025 का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मॉक यूथ पार्लियामेंट 2025 का अत्यंत भव्य, अनुशासित और शिक्षाप्रद आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, निर्णय शक्ति और लोकतांत्रिक प्रणाली की गहन समझ को विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर के प्रेरणादायक संदेश और विद्यार्थियों को दिए गए शुभकामनाओं के साथ हुई। उनके उत्साहवर्धक शब्दों ने पूरे सभागार में ऊर्जा का संचार किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. करुणा कालरा, रजनीश शर्मा, रेनू वर्मा, रजनी गुप्ता और वंदना चौहान का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का सुचारू समन्वय किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न मंत्रियों, नेताओं और प्रतिनिधियों की भूमिकाएं निभाते हुए देश के समसामयिक मुद्दों पर तार्किक, शोधपूर्ण और सुसंस्कृत बहस प्रस्तुत की। उनके आत्मविश्वास, संवाद-कौशल और अनुशासन ने पूरे वातावरण को वास्तविक संसदीय सत्र का रूप दे दिया। सत्र के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 डेलिगेट्स को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।



**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स।

## आईटीआई में पांच मिनट का वाई-ब्रेक योग सत्र हुआ शुरू



**शहजादपुर।** राजकीय आईटीआई भारांपुर में आयुष विभाग के सौजन्य से योग सहायकों की टीम द्वारा संस्थान में 5 मिनट का वाई-ब्रेक योग सत्र आयोजित किया गया। इस योग सत्र में आयुष विभाग से योग सहायक मोहित व नरेंद्र ने शिरकत की। प्रतिभागियों को त्वरित तनाव-निवारण, मानसिक एकाग्रता, शारीरिक ऊर्जा सक्रियता तथा सकारात्मक सोच विकसित करने संबंधी क्रियाएं करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे एक उपयोगी एवं प्रेरणादायक पहल बताया। संस्थान प्रभारी अशोक कुमार ने योग सहायकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे लघु स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रशिक्षुओं के समग्र विकास और प्रशिक्षण गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य सुलतान सिंह ने संदेश दिया कि संस्थान में आगे भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर महेश चंद्र, पवन कुमार, सीमा रानी, अंजू बाला, कर्मजीत सैनी, संदीप, विनोद कुमार, गौरव सैनी, दीपक शर्मा, अजित आदि मौजूद रहे।

## सुदामा की गरीबी का कारण उनका स्वार्थपूर्ण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गांव पतरेहड़ी में आयोजित श्रीहरि कथामृत के अंतिम दिन साध्वी गौरी भारती ने अपने प्रेरक आध्यात्मिक विचारों से श्रद्धालुओं को कृतार्थ किया। इस दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के बारे में बताया कि दोनों बचपन में गुरुकुल में साथ पढ़ते थे। गहरे दोस्त थे,लेकिन गुरूकुल के बाद दोनों अलग अलग रास्तों पर चले गए। जहां कृष्णजी राजा बन गए वहीं सुदामा गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन व्यतीत करने लगे। पत्नी के बार बार कहने पर वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मदद मांगने द्वारका गए लेकिन महल के द्वारपालों ने उन्हें महल में प्रवेश नहीं करने दिया। जब श्री कृष्ण को पता चला तो वे दौड़े दौड़े चले आए। श्रीकृष्ण अपने मित्र की हालत देखकर भावुक हो जाते हैं। आंसुओं से सुदामा के पैर धोते हैं। सुदामा हिचकिचाते हुए कृष्ण को उपहार में चावल की एक पोटली लाए जिसे वे शर्म से छिपा रहे थे लेकिन कृष्ण उसे पोटली को प्रसन्नता से खा लेते हैं। उसी पल सुदामा को दो लोकों की संपत्ति मिल जाती है जिसे कृष्ण अपनी कृपा से प्रदान करते हैं। जब सुदामा घर लौटते हैं तो वह अपनी टूटी फूटी कुटिया की जगह एक भव्य महल पाते हैं जिससे उन्हें कृष्ण की निस्वार्थ कृपा का पता चलता है। कथा के अंत में साध्वी बहनों द्वारा भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को कृतार्थ किया। कथा के बाद साध्वी बहनों को रामपाल फौजी और तारा चंद फौजी के परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।कथा के अंत में प्रसाद की सेवा रमेश राणा द्वारा दी गई।



## सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की ओर से कई स्कूलों में हुए जागरुकता कार्यक्रम

# 2000 छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा खंड के अधोया, उगाला, कंबासी, कंबास, होली, डूलियाना, सिंबला, टंगैल, गगनपुर सहित 14 विभिन्न राजकीय विद्यालयों में नशा-निवारण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 2000 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाराशर, डॉ. बलवंत सिंह, वीरभान, जितेंद्र कुमार, ऋषभ जैन, हरविंदर छाबड़ा, विनोद कुमार, रवींद्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा किसी भी विद्यार्थी के भविष्य को नष्ट कर देता है, जबकि शिक्षा उसके जीवन को उज्ज्वल मार्ग पर ले जाती है। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल के नेतृत्व में वर्षों से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला अंबाला के साहा गांव में डेढ़ एकड़ भूमि पर मल्टी-फैसिलिटी होम निर्माणाधीन है, जहां डीएमडी से ग्रस्त बच्चों का निशुल्क इलाज, महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई एवं कंप्यूटर शिक्षा,बुजुर्गों के लिए डे-केयर सेंटर तथा एक आधुनिक डायग्नोस्टिक लैब की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से इस महत्वपूर्ण सामाजिक परियोजना में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान सेवा ट्रस्ट यूके की ओर से सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा-वर्धक वीटा उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे।